तापमान
अधिकतम 39 .0°C
न्यूनतम 20 .5°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

11 कॅरियर को बर्बाद कर देती है नशे की लत



12 जिलास्तरीय नॉर्दर्न विज्ञान ड्रामा स्पर्धा में जमाया रंग



एशियाड में धाक जमा कर लौटे पदकवीरों का शहर में भव्य स्वागत

■ महिला हॉकी खिलाड़ी नेहा गोयल, तीरंदाज गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु, कुशल दलाल और पहलवान नितेश सिवाच को सराहा

नेहा गोयल की स्वर्णिम उपलब्धि पर पूरे हरियाणा को गर्व : बड़ौली



सोनीपत। एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली हॉकी खिलाड़ी नेहा गोयल का सोनीपत पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन एवं भाजपा हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने उनका गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज भी मौजूद रहे। मोहन लाल बड़ौली ने नेहा गोयल को ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता ने हरियाणा के साथ पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। नेहा की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां खेलों के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु का शंभु दयाल स्कूल में हुआ अभिनंदन



सोनीपत। एशियन गेम्स 2026 में पुरुष कंपाउंड टीम वर्ग में स्वर्ण और व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले तीरंदाज गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु का शंभु दयाल मॉडर्न स्कूल में स्वागत किया गया। जापान के ऐची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर गणेश ने देश का नाम रोशन किया। वह शंभु दयाल मॉडर्न स्कूल की तीरंदाजी अकादमी में कमल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश निवासी गणेश ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धि से स्कूल और अकादमी में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्राचार्य सौरभ शर्मा ने उनका स्वागत किया।

कुशल को ट्रैक्टरों के जुलूस के साथ गांव लेकर पहुंचे खेलप्रेमी



गोहाना। जापान में हुए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले गांव सिवानका के लाल तीरंदाज कुशल दलाल का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। घर पहुंचते ही कुशल ने अपना मेडल सबसे पहले अपने दादा राज सिंह दलाल और दादी ओमी को समर्पित किया, जिसके बाद पूरा माहौल भावुक हो गया। कुशल रविवार शाम को भारत लौटे थे और सड़क मार्ग से देर रात को गोहाना पहुंचे। ग्रामीण रात को रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित सिरसाढ़ मोड के पास सैकड़ों ट्रैक्टर और बाइकें लेकर एकत्रित हुए। वहां से ग्रामीण उन्हें काफिले के साथ जुलूस के रूप में गांव सिवानका लेकर गए। माता-पिता के साथ चाचा प्रदीप दलाल ने कहा कि कुशल ने देश का गौरव बढ़ाया। इस मौके पर भाजपा के बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, अजीत सांगवान, नरेंद्र गहलावत, वीरेंद्र आर्य, संदीप पूनिया, सुरेंद्र सिरसाढ़ समेत कई प्रमुख लोगों ने कुशल को आशीर्वाद दिया। वहीं कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने वीडियो काल कर कुशल को बधाई दी।

नितेश की उपलब्धि पर खरखौदा गौरवान्वित



खरखौदा। जापान के आइची-नागोया में आयोजित 20वें एशियन गेम्स में 97 किलोग्राम ग्रीको-रोमन कुश्ती वर्ग में रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले के पहलवान नितेश सिवाच तथा 77 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में भारतीय कुश्ती टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले अमन का टीम इंडिया के साथ स्वदेश लौटने पर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच एवं प्रताप स्कूल के खेल निदेशक ओम प्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश दहिया नम्बरदार, द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच महावीर सिंह, प्रिंसिपल दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया, हर्ष दहिया, कुश्ती कोच संदीप दलाल, कोच सोनू और कोच प्रदीप सहित अन्य सदस्यों ने दोनों खिलाड़ियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप

बेसुध मिले युवक की पीजीआई में मौत

सोनीपत। रेलवे स्टेशन के पास हिंदू कॉलेज की ओर बंद पड़े बुकिंग काउंटर परिसर में बेसुध मिले करीब 20 वर्षीय युवक की सोमवार को रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।जीआरपी के जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि गुड़ मंडी की तरफ बने बुकिंग काउंटर परिसर में रविवार को युवक बेसुध हालत में मिला था। जीआरपी ने उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। सोमवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जीआरपी मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

कार गैराज में चोरी करने का आरोपी काबू

गोहाना। गोहाना की मीनाक्षी कॉलोनी स्थित कार गैराज से सामान चोरी करने के मामले में शहर थाना पुलिस ने गांव गंगेसर निवासी सोमबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी किया सामान बरामद कर लिया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जींद के गांव ऐंचरा निवासी रोबिन ने मीनाक्षी कॉलोनी में कार मरम्मत का गैराज कर रखा है। रविवार को वह गैराज पर पहुंचा तो वहां गाड़ी के पास रखी बैटरी और ऑयल कैन गायब मिले। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपित सोमबीर को गिरफ्तार कर लिया।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक गिरफ्तार

गोहाना। बरोदा थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में पंजाब निवासी सुंदर को गिरफ्तार किया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने 17 सितंबर को शिकायत दी थी कि उसकी बेटी घर से कहीं चली गई है। बाद में लड़की के बरामद होने पर पुलिस ने उसके मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज करवाए। महिला विशेषज्ञ और लीगल एड के माध्यम से उसकी काउंसलिंग भी कराई गई। इसके बाद मामले में पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराएं जोड़ी गईं। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सबूत इकट्ठे कर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी।

शादी के चार माह बाद जॉनी निकला जावेद

■ महिला का एक युवक पर हिंदू नाम बताकर शादी करने करने का आरोप
■ पहले से शादीशुदा होने की बात भी छुपाई, धर्म परिवर्तन का डाला दबाव

रक्षक सेना ने सेक्टर-27 थाने में शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की

48 घंटे में मामले में कार्रवाई नहीं होने पर उच्च अधिकारियों से मिलने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। पीड़ित से मिलने पहुंची रक्षक सेना की टीम।

सेक्टर-27 थाना क्षेत्र के देवडू रोड स्थित कॉलोनी में रहने वाली महिला ने एक युवक पर हिंदू नाम बताकर शादी करने, अपनी पहचान छिपाने, पहले से शादीशुदा होने और बाद में बच्चों का धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत के आधार पर रक्षक सेना की टीम सोमवार को उससे मिलने पहुंची। संगठन ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर महिला और उसके बच्चों को सुरक्षा देने की मांग की है। साथ ही 48 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर उच्च पुलिस अधिकारियों से मिलने और मामला सरकार के संज्ञान में लाने की चेतावनी दी है। रक्षक सेना के अनुसार, महिला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बड़ौत क्षेत्र के पलड़ी गांव की रहने वाली है और वर्तमान में सोनीपत में रह रही है।

यह बोली पीड़िता

महिला की वर्ष 2015 में अमित से शादी हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। वर्ष 2022 में पति से अलग होने के बाद वह सोनीपत आकर रहने लगी थी। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली रूबी और कल्पना ने इंस्टाग्राम पर 'जैश' नाम की पहचान वाले युवक के माध्यम से उसकी एक युवक से दोस्ती कराई। युवक ने अपना नाम जॉनी बताते हुए खुद को हिंदू बताया। महिला के अनुसार, 29 जून 2023 को कामी रोड स्थित एक गैराज में उसकी युवक से पहली मुलाकात हुई। इस दौरान युवक ने उसके तीनों बच्चों को अपना नाम देने की बात कही। इसके बाद 29 जुलाई 2023 को दोनों ने मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली।

पहले से पत्नी और तीन बच्चे

महिला का आरोप है कि शादी के करीब चार माह बाद उसे पता चला कि जिस युवक ने अपना नाम जॉनी बताया था, उसका वास्तविक नाम जावेद है और वह मुस्लिम है। महिला के अनुसार, जावेद पहले से शादीशुदा था और उसकी पहली पत्नी कनीज से तीन बच्चे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि जावेद ने मकान मालिक को भी अपनी पहचान अमित के रूप में बताई थी और कथित तौर पर पहचान के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया।

जान से मारने की धमकी

शिकायत के अनुसार, महिला संबंध के दौरान गर्भवती हुई और उसने 2 जुलाई को जावेद से एक बेटे को जन्म दिया। महिला का आरोप है कि बच्चे के इलाज पर उसकी मां की जमीन बेचकर लाखों रुपये खर्च किए गए। इसके बाद जावेद की ओर से उसके पहले पति से हुए बच्चों पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाया जाने लगा। महिला ने जावेद के परिवार के इमरान खान और मोमिन खान पर भी छेड़खानी करने और जबरन संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर मारपीट और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

महिला और बच्चों को सुरक्षा देने की मांग

रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा के नेतृत्व में सोमवार को संगठन की टीम पीड़िता से मिलने पहुंची। महिला संयोजिका शिवानी महलाना समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने सेक्टर-27 थाने में दी गई शिकायत के आधार पर जावेद उर्फ जॉनी, इमरान, मोमिन, रूबी, कल्पना और 'जैश' नाम की पहचान वाले युवक की भूमिका की जांच की मांग की है। संगठन ने शिकायत में उल्लिखित धाराओं और हरियाणा धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के साथ महिला और उसके बच्चों को सुरक्षा देने की मांग की है। रक्षक सेना ने चेतावनी दी है कि 48 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो उच्च पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी और मामला सरकार के संज्ञान में लाया जाएगा। महिला की ओर से लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

गन्नौर थाने से फरार हुआ चोरी का आरोपी दूसरे दिन गिरफ्तार

■ बाथरूम जाने का बहाना बनाकर पुलिस को दिया था चकमा
■ एसआई बिट्टू रावल व क्राइम यूनिट ने दबोचा



गन्नौर। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

गन्नौर। थाना परिसर से चोरी के मामले में पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ आरोपित दूसरे ही दिन पुलिस के हत्थे चढ़ गया। थाना प्रभारी वीर सिंह, एसआई बिट्टू रावल, एसआई जगदीश मांडी और क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपित बादशाही रोड निवासी मनीष को गन्नौर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मनीष को चोरी के एक मामले में शनिवार शाम गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद उसे गन्नौर थाना परिसर में रखा गया था और रविवार को न्यायालय में पेश किया जाना था। रविवार सुबह करीब 11 बजे उसने बाथरूम जाने का बहाना बनाया। पुलिस की निगरानी से बचकर वह थाना परिसर से बाहर निकल गया और मौका पाकर फरार हो गया। आरोपित के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। आसपास के क्षेत्रों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। आरोपित से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाने के साथ पुलिस ने लगातार तलाश जारी रखी। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित के फरार होने और चोरी की वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घर का ताला तोड़कर चोरी का आरोप

मामला गन्नौर की बीएसटी कॉलोनी निवासी निशा देवी की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, एक अक्टूबर को उसके दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। वह सुबह करीब साढ़े आठ बजे काम के लिए घर से बाहर गई थी। दोपहर करीब 2:20 बजे उसका बेटा सचिन स्कूल से घर लौटा तो मकान का ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। परिवार ने सामान की जांच की तो अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण और 11,720 रुपये नकद गायब मिले। इसके अलावा गैस सिलेंडर, इंडक्शन चूल्हा, करीब दो किलो सिक्के और मोबाइल फोन भी चोरी होने की शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी मामले में पुलिस ने मनीष को गिरफ्तार किया था।

11 अक्टूबर को सोनीपत में होगा स्वच्छता महाकुंभ, 5 हजार लोग लेंगे स्वच्छता का संकल्प

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम करेगी आयोजन की रिकॉर्डिंग

अब तक शहर के 2000 से अधिक ने कराया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते मेयर राजीव जैन।

शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए सोनीपत में 11 अक्टूबर को स्वच्छता महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। इसमें करीब 5 हजार समाजसेवी, सफाई मित्र और जनप्रतिनिधि एक साथ श्रमदान करेंगे और शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लेंगे। आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम दर्ज करेगी। कार्यक्रम को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

कार्यक्रम सेक्टर-4 में नगर निगम के निर्माणाधीन भवन के पास आयोजित किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम की ओर से पंजीकरण कराया जा रहा है। अब तक 2 हजार से अधिक लोग पंजीकरण करा चुके हैं। निगम आने वाले दिनों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। मेयर राजीव जैन ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और पार्षदों से संवाद किया। उन्होंने पार्षदों से अपने-अपने वार्डों से नागरिक समितियों के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को स्वच्छता महाकुंभ से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी बराबर की भागीदारी जरूरी है।मेयर ने कहा कि स्वच्छता महाकुंभ केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का अभियान है। जब बड़ी संख्या में लोग एक साथ स्वच्छता के लिए आगे आएंगे तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे शहर में दिखाई देगा।

कचरा प्रबंधन की भी बनेगी कार्ययोजना

नगर निगम शहर में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए अलग-अलग स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर रहा है। इसमें घरों और दुकानों से निकलने वाले सामान्य कचरे के अलावा निर्माण मलबे, खंडित मूर्तियों, पूजा सामग्री, पुराने कपड़ों और प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण पर भी ध्यान दिया जाएगा। अलग-अलग प्रकार के कचरे के निस्तारण की व्यवस्था मजबूत कर जगह-जगह कचरा जमा होने की समस्या कम करने का प्रयास किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि स्वच्छता महाकुंभ के लिए अब तक 2 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए जल्द विशेषज्ञ टीम के माध्यम से सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नागरिकों को स्वच्छता के साथ कचरे के उचित प्रबंधन के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

कबड्डी खिलाड़ी से स्कूल परिसर में मारपीट, साथी छात्र पर आरोप

■ घायल छात्र अस्पताल में उपचाराधीन

गन्नौर । गढ़ी झंझारा रोड स्थित जयंती प्रसाद डीएवी स्कूल के कबड्डी खिलाड़ी छात्र के साथ स्कूल परिसर में ही मारपीट करने का मामला सामने आया है। छात्र के पिता रिंकु शर्मा निवासी गांव अहीर माजरा ने थाना गन्नौर में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी छात्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बताया कि रिंकु शर्मा का बेटा गढ़ी झंझारा रोड स्थित जयंती प्रसाद डीएवी स्कूल में गन्नौर में पढ़ता है और स्कूल की कबड्डी टीम में खेलता है। वह टीम के साथ गुरुग्राम में खेलकर आया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 3 अक्टूबर को उनका बेटा स्कूल में कक्षा की ओर जा रहा था, तभी आरोपी ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि उसने टीम में प्रदर्शन को लेकर कहासुनी करते हुए जतिन के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। इस दौरान नाक और आंख के नीचे चोट लगने से खून निकलने लगा। आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद जतिन को मूलचंद अस्पताल गन्नौर में भर्ती कराया गया, जहां से उसे सोनीपत के एफआईएमएस अस्पताल रेफर किया गया। छात्र के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

कार की टक्कर से महिला की मौत

सोनीपत। एनएच-44 पर भिगान टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। मृतका की पहचान गांव पलड़ी कलां निवासी सुदेश (49) के रूप में हुई है। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बेटे नवीन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवीन ने मुरथल थाना पुलिस को बताया कि वह अपनी मां सुदेश के साथ बाइक पर चिरस्मी से पलड़ी कलां लौट रहा था। भिगान टोल प्लाजा पार करने के बाद जैसे ही वे पुल पर चढ़ने लगे, पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। नवीन अपनी घायल मां को मुरथल रोड स्थित अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सुदेश को मृत घोषित कर दिया।

खबर संक्षेप

किराये के मकान से मोटरसाइकिल चोरी

गन्नौर। गन्नौर थाना क्षेत्र में किराये के मकान में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित साहब सिंह निवासी राजस्थान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वर्तमान में सुरेश के अनुप नगर, गली नंबर-1, वार्ड नंबर-6, जनता स्कूल रोड गन्नौर स्थित मकान में किराये पर रह रहा है। उसने हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल खरीद रखी थी। मोटरसाइकिल उसके किराये के मकान में खड़ी थी। सुबह करीब 10 बजे एक अज्ञात व्यक्ति घर में आया और बाइक चोरी कर फरार हो गया।

पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजन

सोनीपत। पुलिस लाइन सोनीपत में जनरल परेड का आयोजन किया गया। इसमें जिला पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। परेड का निरीक्षण सहायक पुलिस आयुक्त क्राइम राजपाल सिंह, एचपीएस ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की वर्दी, अनुशासन और कार्यकुशलता का अवलोकन किया। इसके बाद पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों का निरीक्षण किया।

श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित, ध्रुव चरित्र और शिव-सती के प्रसंग सुनाए

भगवान के नियम अटल, कथा श्रवण समस्त पुण्यों से बढ़कर: विनय शर्मा

कथा श्रवण दान, व्रत, तीर्थ और अन्य पुण्य कर्मों से बढ़कर धन्य वही है जो निरंतर भगवान का चिंतन और भक्ति करता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नंदवानी नगर स्थित शिव मंदिर (शिव वाटिका) में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन हिमाचल से आए कथावाचक पं. विनय शर्मा ने श्रद्धालुओं को राजा परीक्षित, सुखदेव जन्म, ध्रुव चरित्र, कपिल अवतार और शिव-सती प्रसंग सुनाए। मंदिर प्रधान सीताराम भारद्वाज ने बताया कि कथा में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया। पं. विनय शर्मा ने कहा कि भगवान के नियम अटल हैं। समाज के नियम समय और परिस्थिति के अनुसार बदल सकते हैं, लेकिन भगवान के नियम कभी नहीं बदलते। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत साक्षात श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। कथा श्रवण दान, व्रत, तीर्थ और अन्य पुण्य कर्मों से बढ़कर है। उन्होंने कहा कि धन्य वही है जो निरंतर भगवान का चिंतन और भक्ति करता है।

कथा के दौरान 'मेरी लगी श्याम संग प्रीत' भजन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। यजमान भानू प्रताप सहित पं. वीरेन्द्र उपाध्याय, शंकुतला देवी, कृष्णा शर्मा, दीक्षा भारद्वाज, बिन्दु उपाध्याय, ओम प्रकाश, अशोक भारद्वाज, आहुजा, अनिल चड्ढा, आनन्द, सुभाष हसीजा, अशोक रेहजा, मनोहर लाल छाबडा, लैहर नाथ भारद्वाज, सुनील ठक्कर, नन्द लाल, ज्ञान चन्द ठक्कर, सुभाष शर्मा, कृष्णा राजवन्ती, नीरू, बबली, सुनैना, भारती, आरती नीलकण्ठ शर्मा, अमित भारद्वाज, दर्शन, करण सिंह सेतिया, वीरेन्द्र भुटानी, राजकुमार और पुनित शर्मा मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि



सोनीपत। आर्य समाज सेक्टर 15 में हवन के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

आर्य समाज के वार्षिकोत्सव में ईश्वर भक्ति पर जोर

सोनीपत। आर्य समाज सेक्टर-15 का 27वां वार्षिकोत्सव सोमवार को सामवेद पारायण यज्ञ के साथ शुरू हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सुरेश आर्य ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सांसारिक और आध्यात्मिक जीवन के समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि मनुष्य भौतिक सुखों के प्रभाव में आकर ईश्वर, धर्म और भक्ति को जीवन में गौण करता जा रहा है। भजनोपदेशक भानुप्रकाश आर्य ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। उन्होंने ईश्वर भक्ति के माध्यम से सुख प्राप्त करने के उपाय बताए। विदुषी माता राजगुलाटी ने सामाजिक उन्नति के लिए तीनों ऐषणाओं के त्याग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं को उन्नत नहीं करता, वह परिवार और समाज को भी उन्नति के मार्ग पर नहीं ले जा सकता। आर्य समाज के मंत्री दीनदयाल मदान ने बताया कि वार्षिकोत्सव रविवार तक चलेगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 7:30 से 10:30 बजे और दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक आयोजित होगा। मंच संचालन पंडित आयुष आर्य ने किया। आर्य समाज के प्रधान जगदीश फुकरेजा ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार जताया। प्रसाद वितरण और शांति पाठ के साथ पहले दिन का सत्संग संपन्न हुआ।



खरखौदा। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम अमित कुमार।

एसडीएम ने सुनीं समस्याएं शिविर में प्राप्त हुईं 3 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम अमित भारद्वाज ने की। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुईं। एसडीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से गांव अशरफपुर मटिंडू से शमशान घाट में बनाए गए शेड का अधूरा कार्य पूरा करवाने की शिकायत दर्ज करवाई गई, जिसकी सुनवाई करते हुए एसडीएम ने बीडीपीओ और एसडीओ खरखौदा को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने और तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा खरखौदा वार्ड नंबर 3 गली नंबर 1 में बनाई गई नालियों को तोड़कर दोबारा अच्छे ढंग से बनवाने की शिकायत दर्ज कराई, जिसके समाधान के लिए एसडीएम ने नगर निगम सचिव को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त गांव मटिंडू से नाली बनवाने की शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके समाधान के लिए एसडीएम अमित भारद्वाज ने बीडीपीओ खरखौदा को स्थिति का जायजा लेकर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पेंशन, फैमिली आईडी और इंतकाल से संबंधित शिकायतें दर्ज करवाई गई। समाधान शिविर के दौरान तहसीलदार बिजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अचिन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



छात्राओं को रोजगार के अवसरों की जानकारी दी

सोनीपत। जीवीएम कन्या महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ की ओर से 'उड़ान-2026' के तहत छात्राओं के लिए रोजगार मार्गदर्शन एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। ब्रेक पाट्र्स ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्राओं को उद्योग जगत की जरूरतों और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को आयोजन का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कंपनी के वित्त निदेशक हरिश उनियाल, संचालन एवं उत्पादन नियोजन एवं नियंत्रण के उप महाप्रबंधक शैलेंद्र शुक्ला और मानव संसाधन अधिकारी सुनील भारद्वाज ने अनुभव साझा किए। शैलेंद्र शुक्ला ने कौशल विकास, समय की पाबंदी और व्यावसायिक वातावरण की समझ को सफलता के लिए जरूरी बताया। हरिश उनियाल ने नए उद्यमों की संभावनाओं पर चर्चा की।



ईश्वर सिंह दहिया सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुने गए

सोनीपत। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधि सम्मेलन एवं त्रिवार्षिक चुनाव सोमवार को ऋषि गार्डन में आयोजित हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक कृष्ण लाल गुर्जर, हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ के प्रधान एवं पूर्व प्रधान महावीर शिवाज की देखरेख में हुए चुनाव में ईश्वर सिंह दहिया को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में सत्यपाल वर्मा को राज्य चेयरमैन, महाबीर तारागढ़ को राज्य महासचिव, बलराज राणा को राज्य कोषाध्यक्ष, सरदार इंद्रजीत सिंह को राज्य वरिष्ठ उपप्रधान, कुलवंत शर्मा को संयोजक और इंद्र सिंह सिंहाग को संरक्षक चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईश्वर सिंह दहिया ने कहा कि फील्ड कर्मचारियों की 20 वर्षों से लंबित मांगों को सरकार बातचीत के माध्यम से जल्द पूरा करे। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो कर्मचारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। बातचीत से समाधान नहीं होने पर 20 नवंबर से आंदोलन शुरू करने की बात कही गई।

बच्चों स्केटिंग में भाग लेकर दिखाई प्रतिभा



सोनीपत। खेलों को बढ़ावा देने और बच्चों में स्केटिंग के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को सोनीपत के एक निजी स्कूल में स्केटिंग मैराथन का आयोजन किया गया। खेलो भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'एक घंटे की निरंतर स्केटिंग समूह मैराथन' में नन्हे स्केटर्स ने लगातार एक घंटे तक स्केटिंग कर अपनी रफ्तार, संतुलन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं सेवानिवृत्त आईजी डॉ. सुमन मंजरी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का शारीरिक विकास होने के साथ उनमें आत्मविश्वास और कभी हार न मानने की भावना भी मजबूत होती है। खेलो भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की कोर टीम से फाउंडर दुष्यंत सैनी, चीफ एडिटर मृदु प्रिया और इंडिया कोऑर्डिनेटर सोनिया चौहान ने आयोजन की देखरेख की। लिम्बो स्केटिंग में प्रिशा, मान्या, पर्ल और गुनगुन ने भी प्रतिभा दिखाई। दुष्यंत सैनी, सोनिया चौहान और मृदु प्रिया ने स्कूल प्रशासन व अभिभावकों का आभार जताया।



400 से ज्यादा जरूरतमंद बच्चों में जलाई ज्ञान की लौ

सोनीपत। जिले के 400 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिलवाकर उनमें ज्ञान की लौ जगा चुकी शिक्षा सेवा समिति की ओर से संस्था के 10 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सिक्का कॉलोनी स्थित निजी स्कूल में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केएल तनेजा ने शिरकत की। केएल तनेजा व समिति के संस्थापक जवाहर रहेजा व सुरेंद्र मदान ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य एवं अपने विचारों के माध्यम से उत्साह एवं उमंग का संचार किया। इस दौरान अशोक छाबड़ा, पवन आर्य, मनोज सेतिया, विनीत छाबड़ा, पुष्कर, विष्णु, अनिल गौड़, मनोहर डेम्बला, वीरेंद्र सेतिया, केसी ठाकुर, आरके सेतिया, संजीव कुमार, मीनू डावरा, वीना कुकरेजा सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

ढलान के साथ कराया जाए नालियों का निर्माण

खरखौदा। शहर के वार्ड नंबर तीन की गली नंबर एक में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। गली के स्थायी निवासी मनीष, दिलावर, मुकेश हरिसिंह व सोनिया ने एसडीएम खरखौदा को शिकायत देकर निर्माण कार्य को रुकवाने और नालियों का दोबारा निर्माण कराने की मांग की है। शिकायत में लोगों ने बताया कि गली का स्तर सब्जी मंडी की तरफ से पहले से ऊंचा और थाना कलां रोड की तरफ नीचे है। पहले ऊंची साइड की नालियों का पानी सब्जी मंडी की तरफ जाता था, जबकि निचली साइड का पानी थाना कलां रोड की तरफ बने नालों में निकलता था। आरोप है कि अब निर्माण के दौरान ऊंची साइड की नालियों का पानी भी निचली साइड की ओर कर दिया गया है।

घर से आभूषण और रुपये चोरी में दूसरा आरोपी काबू

- भदाना निवासी भारत को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया, अभिषेक पहले हो चुका है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

थाना सदर सोनीपत पुलिस ने घर से आभूषण और रुपये चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव भदाना निवासी भारत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 29 मार्च को सोनीपत निवासी महिला ने शिकायत दी थी कि वह अपने दिव्यांग पति को दवाई दिलाने दिल्ली गई थी। वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा था। कैमरों की जांच में चोरी का पता चला। घर से छह सोने की अंगूठियां, सोने की चेन, हार, चार जोड़ी कान की बालियां, चांदी की पाजेब, कड़े, चार जोड़ी चांदी की अंगूठियां, दो सिक्के और एक लाख 20 हजार रुपये चोरी हुए थे। मामले में पहले अभिषेक पुत्र सत्य सिंह निवासी भदाना को गिरफ्तार किया गया था। अनुसंधान टीम में तैनात सहायक उप निरीक्षक सलिंदर ने कार्रवाई करते हुए भारत को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

टीकाराम कॉलेज ने अंतर महाविद्यालय महिला क्रॉस कंट्री में जीती ट्रॉफी

- 19 अंकों के साथ हासिल किया प्रथम स्थान, चार खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में 4 अक्टूबर को अंतर महाविद्यालय महिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें टीकाराम कन्या महाविद्यालय की टीम ने 19 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की। कॉलेज प्राचार्या प्रो. डॉ. ऊषा दहिया ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष सुमन मान ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह 6 बजे खेल परिसर में हुई। कॉलेज की छह खिलाड़ी शीर्ष 10 में शामिल रहीं। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर ज्योति बाला, तन्नू, प्रियंका और वंशिका का चयन विश्वविद्यालय की टीम के लिए किया गया है। विश्वविद्यालय की टीम नवंबर में मैंगलोर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। विजेता टीम को एमडीयू के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, खेल निदेशक कुलताज, सहायक निदेशक डॉ. विपिन और आयोजन सचिव डॉ. रमेश संधू ने ट्रॉफी प्रदान की। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन ने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

15 साल पुराना 300 गज संपत्ति का विवाद निपटा

- मध्यस्थता केंद्र में दोनों पक्षों ने समझौते पर जताई सहमति, एक-दूसरे के कब्जे में दखल नहीं देने का लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र में प्रभावी मध्यस्थता के माध्यम से करीब 15 वर्ष पुराने 300 वर्ग गज के मकान और संपत्ति विवाद का आपसी सहमति से समाधान कराया गया। लंबे समय से चले आ रहे विवाद के समाप्त होने के बाद दोनों पक्षकारों ने वर्तमान स्थिति और अपने-अपने कब्जे को बनाए रखने तथा एक-दूसरे के शांतिपूर्ण कब्जे और उपयोग में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करने पर सहमति जताई।

मामला सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अर्शबीर कौर संधू के न्यायालय से मध्यस्थता के लिए मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र, सोनीपत को भेजा गया था। विवाद की गंभीरता और लंबे समय से लंबित होने को देखते हुए सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने दोनों पक्षों के साथ लगातार संवाद किया। उन्हें आपसी समझ, सौहार्द और शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित किया गया। उनके प्रयासों के बाद दोनों पक्ष विवाद समाप्त करने पर सहमत हुए। समझौते के अनुसार पक्षकार अपने-अपने वर्तमान कब्जे और स्थिति को बनाए रखेंगे। कोई भी पक्ष दूसरे के शांतिपूर्ण कब्जे या उपयोग में दखल नहीं देगा। समझौते की शर्तों का पालन होने के बाद विवादित संपत्ति को लेकर दोनों पक्षों के बीच कोई अधिकार, दावा, मांग, आपत्ति या विवाद शेष नहीं रहेगा। प्रचेता सिंह ने कहा कि मध्यस्थता का उद्देश्य केवल विवाद का निपटारा करना नहीं, बल्कि पक्षकारों के बीच विश्वास और सौहार्द कायम करना भी है। उन्होंने कहा कि वर्षों पुराने विवादों का आपसी सहमति से समाधान समाज में शांति और भाईचारे को मजबूत करता है। मध्यस्थता केंद्र ने लोगों से न्यायालय में लंबित मामलों को बातचीत और मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने का अवसर लेने की अपील की।



सोनीपत। समझौते के उपरांत दोनों पक्षों के साथ सीजेएम प्रचेता सिंह एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

सेवा सेतु शिविर में पंद्रह विभागों ने लगाए स्टाल

खरखौदा। सेवा संकल्प अभियान के तहत सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय खरखौदा में सेवा सेतु कैंप लगाया गया। कैंप में एसडीएम अमित भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। करीब 15 विभागों ने अपने स्टाल लगाए। यहां नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी प्रक्रिया और दस्तावेजों के बारे में बताया गया। एसडीएम अमित भारद्वाज ने विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से उनके विभाग से जुड़ी सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंप में पहुंचने वाले नागरिकों को उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं की सही जानकारी दी जाए। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी सरल और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु कैंप का उद्देश्य नागरिकों को अलग-अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। एक ही स्थान पर कई विभागों की सेवाओं और योजनाओं की जानकारी मिलने से लोगों को सुविधा होगी। इस मौके पर तहसीलदार बिजेंद्र और नायब तहसीलदार अचिन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



खरखौदा। स्टाल का निरीक्षण करते एसडीएम अमित कुमार।

82 केवीए जनरेटर चोरी में दो गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत की टीम ने 82 केवीए जनरेटर चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गांव खांडा निवासी पुष्पेश उर्फ डमरू और मंजीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 19 सितंबर की रात ककरोई रोड बाईपास पर सीवर लाइन की सफाई व संचालन के लिए लगाया गया 82 केवीए का जनरेटर चोरी हो गया था। इस संबंध में दहिया कॉलोनी निवासी प्रीत पुत्र मुकेश की शिकायत पर थाना शहर सोनीपत में मामला दर्ज किया गया था। टीम ने 82 केवीए जनरेटर चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की अनुसंधान टीम में तैनात सहायक उप निरीक्षक संजीव ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने के बाद उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

ब्लैक फिल्म से लेकर गलत पार्किंग और लेन बदलने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई

नियम तोड़ने पर 377 के चालान, 14 वाहन इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सोनीपत पुलिस ने रविवार शाम विशेष जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की। यातायात पुलिस की टीम ने अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के कुल 377 चालान किए, जबकि 14 वाहनों को इंपाउंड किया गया। अभियान के दौरान ब्लैक फिल्म, गलत नंबर प्लेट, बिना नंबर प्लेट, गलत पार्किंग, लेन बदलने, ट्रिपल राइडिंग और बिना सीट बेल्ट समेत अन्य उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस के अनुसार, गलत पार्किंग और गलत दिशा में वाहन चलाने पर सबसे अधिक 162 चालान किए गए। इसके अलावा लेन बदलने पर 47, बिना नंबर प्लेट 41, निर्धारित पैटर्न की नंबर प्लेट नहीं होने पर 36 और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने पर 24 चालान किए गए। इसी तरह ब्लैक फिल्म लगाने पर 17, ट्रिपल राइडिंग पर सात और अवैध लाल-नीली बत्ती के इस्तेमाल पर छह चालान किए गए। अन्य यातायात उल्लंघनों के 39 चालान किए गए। जांच के दौरान नौ बीएस-3 वाहनों समेत 14 वाहनों को इंपाउंड किया गया। निर्धारित लेन और गति सीमा का पालन करते हुए वाहन चलाएं। पुलिस का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आगे भी विशेष जांच अभियान जारी रहेगा।



सोनीपत। वाहनों की जांच करते हुए पुलिस कर्मी। फोटो: हरिभूमि

नियमों का पालन जरूरी

पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है। नियमों की अनदेखी से चालक के साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। उन्होंने कहा कि ब्लैक फिल्म, गलत नंबर प्लेट, लेन बदलने, गलत पार्किंग, ट्रिपल राइडिंग, बिना सीट बेल्ट और अन्य यातायात उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता ही स्वस्थ समाज की आधारशिला

कॅरियर बर्बाद कर देती है नशे की लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

राजकीय महाविद्यालय बड़ौता की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल ग्रोवर ने की। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी साहिल सभरवाल ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, करियर और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने मित्रों, परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। प्राचार्य डॉ. अनिल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, रचनात्मक कार्यों एवं समाजसेवा में लगाएं तो एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।



राई। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शेखर अंतिल संबोधित करते हुए ।

युवाओं और ग्रामीणों को दिलाया नशे से दूर रहने का संदेश

राई। सेवा संकल्प अभियान के दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेवड़ा के प्रांगण में सोमवार को नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से युवा विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शेखर अंतिल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ने का आह्वान किया। अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करना और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे से होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत नुकसान के बारे में जानकारी दी गई तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। युवाओं को नशे से बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज को मिलकर लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। संस्थान की तरफ से बिजेंद्र कौशिक सहित अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



खरखौदा। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए अनिल। फोटो : हरिभूमि

कल्पना चावला विद्यापीठ में नशा मुक्ति के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस की ओर से अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और भविष्य को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा, हमें बिगाड़ने वाले तो अनेक मिलेंगे, लेकिन सुधारने वाला एक ही मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशे की लत से बाहर निकलना संभव है और इसके लिए उचित चिकित्सा एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि सोनीपत सरकारी अस्पताल के कमरा नंबर 7 तथा खानपुर सरकारी अस्पताल के कमरा नंबर 5 में नशा मुक्ति के लिए दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाती हैं। यह सुविधा निःशुल्क है और इसके लिए केवल आधार कार्ड साथ ले जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। प्राचार्या एवं प्राथमिक प्रभारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन जीने तथा अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उन्हें किसी भी प्रकार के नशे की गिरफ्त में आने से स्वयं को बचाना चाहिए।

परियोजना कर्मियों ने सांसद की कोठी पर दिया धरना, मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ आंगनवाड़ी, आशा व मिड-डे मील समेत सभी परियोजना कर्मियों को स्थायी कर्मचारी बनाने की मांग

सीटू के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को सोनीपत जिले की परियोजना कर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी की कोठी पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नाम मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। धरने की अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान अनीता ने की, जबकि संचालन पूनम ने किया। धरने को किसान सभा के वरिष्ठ नेता श्रद्धानंद सोलंकी, सीटू जिला प्रधान अनीता, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व उप प्रधान एवं सीटू के वर्तमान कोषाध्यक्ष सीलक राम मलिक, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान छवी, जिला उप प्रधान पूनम, खरखोदा ब्लॉक प्रधान रेखा, जुआ ब्लॉक प्रधान मीणा, गन्नौर ब्लॉक प्रधान मीणा, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव चांद सिंह, आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव सोना देवी, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सह सचिव सुमन और जिला कमेटी की अनीता चिटाना ने संबोधित किया। सीलक राम मलिक ने कहा कि कुपोषण दूर करने और महिलाओं तथा बच्चों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए आईसीडीएस, मिड-डे मील और एनएचएम जैसी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। इन योजनाओं में बड़ी संख्या में महिलाएं काम कर रही हैं, लेकिन उन्हें मिलने वाली प्रोत्साहन राशि महंगाई और काम के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से परियोजनाओं का बजट बढ़ाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सभी योजना कर्मियों को स्थायी कर्मचारी बनाने, न्यूनतम 42 हजार रुपये मासिक वेतन देने, मिड-डे मील कर्मियों को 12 महीने का वेतन देने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति रद्द करने, आशा वर्करों के 1500 रुपये बढ़ोतरी के निर्णय को तुरंत लागू करने और परियोजनाओं का बजट बढ़ाने की मांग रखी। अरविंद शर्मा के पीए सुनील शर्मा ने धरनास्थल पर पहुंचकर मांग पत्र लिया और 10 अक्टूबर को मंत्री से बैठक कराने का आश्वासन दिया।



सोनीपत। धरना प्रदर्शन करते हुए परियोजना कर्मी। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, समर्थ और परी बने मिस्टर व मिस फ्रेशर



सोनीपत। हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी 'स्पार्क 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द हिंदू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, राजीव आचार्य, सत्यनारायण शर्मा और कॉलेज निदेशक डॉ. डीपी सिंह ने किया। प्रबंधन सदस्यों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, अभिनय और रैंप वॉक सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। मनोरंजक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। डिप्लोमा वर्ग में समर्थ को मिस्टर फ्रेशर और परी को मिस फ्रेशर चुना गया। बीसीए में नवीन मिस्टर फ्रेशर और अंकिता मिस फ्रेशर बनीं। पलक को मिस दिवा और योगेश को सीक्रेट सुपरस्टार का पुरस्कार मिला। बीटेक वर्ग में अर्जुन को मिस्टर फ्रेशर और बीटेक सीएसई की श्रेया को मिस फ्रेशर चुना गया। लकी शर्मा को मिस्टर सनशाइन, नताशा को मिस सनशाइन, सुविधि को स्टाइल मेवन, मनन को स्पार्क आइकन और अंजलि को ड्रामा मोनार्क का पुरस्कार मिला। कार्यक्रम की सफलता में समन्वयक प्रियंका और उनकी टीम का योगदान रहा। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना बढ़ाने में सहायक हैं।

निष्काम सेवा की सुगंध, समर्पण की आभा के बीच होगा 79वां वार्षिक संत समागम

गन्नौर। संत निरंकारी मिशन का 79वां वार्षिक संत समागम 23 से 26 अक्टूबर समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित होगा। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में होने वाले समागम का प्रेरणादायी विषय 'जागृति' रखा गया है। समागम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विभिन्न आयु और वर्गों के श्रद्धालु निःस्वार्थ सेवा भाव से व्यवस्थाओं में जुटे हैं। कोई निर्माण कार्य में सहयोग कर रहा है तो कोई शामियाने, स्वच्छता, जल व्यवस्था और भोजन सेवा को व्यवस्थित करने में लगा है। मुख्य प्रवेश द्वार भी तैयार किया जा रहा है। समागम का उद्देश्य प्रेम, सेवा, सद्भाव, मानव एकता और प्रभु-भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। सेवा में जुटे श्रद्धालुओं के चेहरे पर थकान के बजाय संतोष और समर्पण की भावना दिखाई दे रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की जा रही हैं। चार दिवसीय यह संत समागम मानवता, समरसता और एकत्व का संदेश देने वाला आध्यात्मिक आयोजन होगा। विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु सत्संग और सेवा के माध्यम से आत्मिक शांति का अनुभव करेंगे।





रिटायर्ड पुलिस कर्मचारियों ने उठाई नौ मांगें

सोनीपत। हरियाणा रिटायर्ड पुलिस अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन की मासिक बैठक पुलिस लाइन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जयपाल खोखर ने की। इसमें रिटायर्ड डीएसपी राजेंद्र सिंह, जगदीश मोर, बिजेंद्र दहिया, ईश्वर सिंह, आजाद, हरपाल, सतबीर सिंह, ईश्वर कौशिक, सोमबीर, हवा सिंह, राजेंद्र दलाल, कुलदीप मलिक, रामपाल कटवाल और अशोक कुमार मौजूद रहे। बैठक में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने मेडिकल भत्ता बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग रखी। इसके अलावा पेंशन की कटौती से जुड़ी कम्युटेशन राशि की क्षतिपूर्ति 15 वर्ष के बजाय 12 वर्ष में करने की मांग की गई। पेंशन में पांच, 10, 15 और 20 प्रतिशत बढ़ोतरी क्रमशः 65, 70, 75 और 80 वर्ष की आयु में करने की मांग रखी गई। एलटीजी को पहले की तरह लागू करने, आठवें वेतन आयोग का लाभ एक जनवरी 2026 से पेंशनरों को पूर्ण रूप से देने तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा पूरी तरह लागू करने समेत कुल नौ मांगें रखी गईं।

कुरियर कर्मियों के हेलमेट पर लगाए रिफ्लेक्टर



सोनीपत। सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत के संदीप बतरा ने मंगलवार सुबह अपने साथी ओरियो के साथ सुभाष चौक से एटलस रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप तक भ्रमण कर सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड नंबर 12 और 15 में सड़कों की स्थिति की निगरानी करते हुए फ्लिपकार्ट से जुड़े कुरियर कर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए हेलमेट पर रेट्रो टेप युक्त परावर्तक लगाए गए। संदीप बतरा ने टूटे डिवाइडरों के सिरों पर भी रेट्रो टेप लगाया। उन्होंने संबंधित विभागों से सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी सुधार प्राथमिकता से कराने की अपील की। संगठन के अनुसार बिजली के खंभों, केबल के तारों, सड़कों पर लटकी या पड़ी तारों, पेड़ों, ट्री गार्ड और रेलिंग पर रेट्रो टेप लगाया जाना चाहिए। झुकी शाखाओं की कटाई भी जरूरी है। संगठन ने सड़कों पर मरम्मत, समतलीकरण, सड़क चिह्न, संकेतक बोर्ड, झपकती बत्तियां, कैट आई, जेब्रा क्रॉसिंग, स्टॉप लाइन और ऊंचे-नीचे सीवर ढक्कनों को दुरुस्त करने की मांग की। संदीप बतरा ने कहा कि धुंध और अंधेरे में सड़क को सुरक्षित बनाने के लिए विभागों और नागरिकों को मिलकर प्रयास करना होगा।

बच्चों ने अपनी उपलब्धियों से बढ़ाया स्कूल का मान



खरखौदा। रामफल प्रधान दहिया खाप फाउंडेशन की ओर से के.डी इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत से विद्यालय का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने सम्मान समारोह के लिए स्वर्गीय रामफल प्रधान दहिया खाप फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

कर्मचारियों ने लंबित मांगों को पूरा करने की मांग उठाई

■ हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने शाखा स्तर पर यूनियन का 59वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारियों ने सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष व यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष अनिल मलिक ने की। मंच का संचालन यूनियन के गोहाना शाखा सचिव नवीन शर्मा ने किया। यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष अनिल मलिक ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करे, हरियाणा कौशल रोजगार निगम व टर्म अपाईमेंट कर्मचारियों को पक्के कर्मचारियों के समान वेतन दिया जाए व महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाए, केन्द्र के समान सभी वेतन व भत्ते लागू किए जाएं, 2016 से बकाया हाऊस अलाउंस का भुगतान किया जाए व तकनीकी पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को 2400 ग्रेड-पे दिया। प्रदेश सरकार कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा न करके यूनियन को आंदोलन करने पर विवश कर रही है।

ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में राजेन्द्र नरवाल, जयभगवान पांचाल, धर्मराज सेन, रवि मालिक, परमजीत राठी, मोनू संधू, अमित नरवाल, रमेश मकडौली, सत्यवान लटवाल, होशियार सिंह, दयानन्द लाठ, राजबीर गड्ढा, सत्यवान लाठ, परमानंद, रामरतन, अमित, कृष्ण व संजीव मौजूद रहे।

पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में शुरू होगा अमेजन वेब सर्विसेज बिल्डर सेंटर

छात्रों को मिलेगी क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग



सोनीपत। कंपनी के अधिकारियों के साथ पूर्णमूर्ति के चेयरमैन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ ने शिक्षा, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलते हुए अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के साथ आधिकारिक सहयोग किया है। इस सहयोग के तहत संस्थान परिसर में ही विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसी आधुनिक एवं उभरती तकनीकों को सीखने और अपने तकनीकी कौशल को विकसित करने का अवसर मिलेगा। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को बदलते तकनीकी दौर की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को इंडस्ट्री ओरिएंटेड लर्निंग के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी भी मिलेगी।

ये मौजूद रहे

इस मौके पर चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने अमेजन वेब सर्विसेज के साथ मिलकर अपने परिसर में 'एडब्ल्यूएस बिल्डर सेंटर' गतिविधियां शुरू करने की घोषणा की है। इस मौके पर उन्होंने एडब्ल्यूएस के प्रतिनिधि हरसिरत सिंह को बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल , एमडी इंजी. संघदीप , डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप तथा रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

बच्चों को प्रोटीन मिल्क बार वितरित किए



खरखौदा। बच्चे को अन्नप्राशन कराते नपा अध्यक्ष हीरालाल। फोटो : हरिभूमि

■ खरखौदा के गांव सिसाना में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खरखौदा के गांव सिसाना में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नगरपालिका खरखौदा के चेयरमैन हीरालाल इंदौरा व महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम रंगा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हीरालाल इंदौरा ने बच्चों को प्रोटीन मिल्क बार वितरित किए। साथ ही 6 माह की आयु के चार बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म निभाते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। 'आपकी बेटी हमारी बेटी' योजना के तहत सानवी पुत्री सिमरन को 21 हजार रुपये का एलआईसी बॉन्ड प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा वर्करों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हीरालाल इंदौरा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लाभार्थियों से भी आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाएं और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में विभागीय कर्मचारियों का सहयोग करें। इस अवसर पर सुपरवाइजर स्नेहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं,आशा वर्कर और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

ये मौजूद रहे

इस अवसर पर आर्य समाज के मंत्री कपिल देव, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, पुरुषोत्तम दास, प्राचार्य नरेंद्र सिंह, चांदकौर, मंजू, ममता, सोनिया, हिमांशी, नीलम, सतेन्द्र, दिलावर, जसबीर आदि भी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत माहरा
खण्ड गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)
मो. नं. 8053022493

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित जाता है कि ग्राम पंचायत माहरा के बड़े तालाब व बंसी वाले तालाब की मछलीपालन हेतु बोली 13.10.2026 को गांव के पंचायत घर में प्रातः 10 बजे करवानी निश्चित की गई है। बोली की सिक्योरिटी राशि 50 हजार रुपये जमा करवानी होगी। बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। बोली में कोई भी बोलीदाता भाग ले सकता है।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत माहरा
तह. गोहाना, जिला (सोनीपत)

विचार गुण, कर्म और स्वभाव से उत्तम व्यक्ति आर्य कहलाने योग्य, चोटी और जनेऊ सनातन धर्म की पहचान

श्री राम और कृष्ण का अपमान असहनीय : राजकुमार

■ परमात्मा ने यह पृथ्वी आर्यों को भोगने के लिए दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और योगिराज श्री कृष्ण हमारे आदर्श हैं। उनके गुण, कर्म और स्वभाव उत्तम हैं। उनके आदर्शों पर चलकर सभ्य समाज की संरचना की जा सकती है लेकिन श्री राम और श्री कृष्ण का अपमान असहनीय है। ये विचार वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने व्यक्त किए। स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान शताब्दी वर्ष पर चल रहे ऋग्वेद पारायण महायज्ञ के चौथे दिन ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि ऋग्वेद में परमात्मा के आदेशानुसार यह पृथ्वी आर्यों को भोगने के लिए दी है। ये संसार आर्यों का है। गुण, कर्म और स्वभाव से उत्तम व्यक्ति आर्य कहलाने योग्य है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए शर्म की बात है कि हिंदू धर्म के कुछ लोग भरी सभा में अपने अनुयायियों को श्री राम और श्री कृष्ण जैसे हमारे महापुरुषों के बारे में गलत टिप्पणी कर उनका अपमान करते हैं। यह सब सहन नहीं होगा। रामायण और महाभारत में श्री राम व श्री कृष्ण को गुरुकुल में अपने आचार्य से वेद विद्या ग्रहण करते बताया है। जो वेदों के प्रकांड विद्वान, यज्ञ प्रेमी, सत्य, धर्म व न्याय के प्रतीक, गौ पालक, रणभूमि के महायोद्धा और नारी जाति के सच्चे रक्षक हों, वे महापुरुष कभी गलत नहीं हो सकते। आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि चोटी और जनेऊ सनातन धर्म की पहचान हैं। इसलिए सभी सनातनियों को चोटी-जनेऊ धारण करते हुए अपने धर्म का पालन करना चाहिए। सोमवार को सत्यवीर भनवाला-निर्मला देवी, सत्यपाल दहिया-मीना, मदनलाल-कविता, राहुल-पूजा, अनिल ग्रोवर-सीमा यजमान बने।



सोनीपत। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ये मौजूद रहे

इस अवसर पर आर्य समाज के मंत्री कपिल देव, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, पुरुषोत्तम दास, प्राचार्य नरेंद्र सिंह, चांदकौर, मंजू, ममता, सोनिया, हिमांशी, नीलम, सतेन्द्र, दिलावर, जसबीर आदि भी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



यशवंती श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड से सम्मानित

सोनीपत। खेड़ी दहिया स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय की मुख्याध्यापिका यशवंती सहरावत को अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें केंद्रीय आर्य युवक परिषद की ओर से जींद में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति डॉ. रामपाल सैनी ने यशवंती सहरावत को श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड देकर सम्मानित किया।

एसआईआर को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा

सोनीपत। जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने सोमवार को एसआईआर को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्षी दल आमजन के बीच भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों में भ्रम और आशंका पैदा करना है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। मोनिका दहिया ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के तहत पात्र मतदाताओं के वोट काटने का कोई सवाल ही नहीं है। आमजन से विपक्ष के प्रचार से प्रभावित न होने मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की।

नॉर्दर्न विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में हिंदू विद्यालय की टीम प्रथम


प्रतियोगिता में सभी सात खंडों की कुल 20 टीमों ने चार अलग-अलग विषयों पर अपने विचारों को अभिनय और संवाद के माध्यम से किया प्रस्तुत

जिलास्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दर्शाई अभिनय क्षमता व वैज्ञानिक दृष्टिकोण,पीएमश्री विद्यालय, छतेहरा की टीम रही द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिलास्तरीय नॉर्दर्न विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह व विद्यालय की प्राचार्य नतासा छाबड़ा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। प्रतियोगिता में जिलेभर के सभी सात खंडों से कुल 20 टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागी टीमों ने निर्धारित चार उपविषयों में से अपने विषय का चयन करते हुए विज्ञान संबंधी अवधारणाओं, संदेशों और विचारों को रंगमंचीय प्रस्तुति, अभिनय एवं संवाद के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिनय क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने दर्शकों को प्रभावित किया।

प्रतियोगिता के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए छह सदस्यीय निर्णायक मंडल ने अपनी भूमिका निभाई। जिसमें राजकीय कन्या विद्यालय, भठगांव से प्राध्यापिका कुसुम, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, बीसवांमील से प्राध्यापक डॉ. विकास शर्मा, राजकीय विद्यालय जाखौली से प्राध्यापिका रोचिका, राजकीय कन्या विद्यालय, बिधल से प्राध्यापिका आराधना, राजकीय कन्या विद्यालय, सोनीपत से प्राध्यापिका साक्षी, पीएमश्री राजकीय विद्यालय, छतेहरा से प्राध्यापक मनोज शामिल रहे। प्रतियोगिता में सभी टीमों ने अपने-अपने विज्ञान विषयों को नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए शानदार अभिनय प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतियों का विभिन्न निर्धारित मानकों पर सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया गया। टीमों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा रहा और कम अंकों के अंतर से प्रथम तीन स्थानों का चयन किया गया। मूल्यांकन के आधार पर प्रतियोगिता में हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोर्ट रोड की टीम ने प्रथम, पीएमश्री राजकीय विद्यालय छतेहरा की टीम ने द्वितीय, राजकीय कन्या विद्यालय दीपालपुर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



सोनीपत। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह व प्रबंधकों के साथ जिलास्तरीय नॉर्दर्न विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता की विजेता टीम।

राज्यस्तर पर प्रतिभा को प्रदर्शित करेगी विजेता टीम

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम अब राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा स्पर्धा में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेगी। जिसका शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा। उन्होंने विजेता टीम को प्रतियोगिता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अभिनय को और अधिक रोचक बनाने, वैज्ञानिक तथ्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने, मंचीय प्रस्तुति को अधिक सशक्त एवं आकर्षक बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में सोनीपत का प्रतिनिधित्व प्रथम स्थान पाने वाली टीम करेगी। यदि प्रथम विजेता टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लेती है, तो द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

कार्यकर्ता जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करें: कृष्णा

- सेवा संकल्प ज्योति कार्यक्रम को लेकर विधायक ने मंडल अध्यक्षों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत प्रस्तावित 'सेवा संकल्प ज्योति' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने कैंप कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि सेवा संकल्प ज्योति' की यात्रा कुंडली स्थित एचएसआईआईडीसी कार्यालय से शुरू होकर उपायुक्त (डीसी) कार्यालय तक पहुंचेगी। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करे। राई हल्के से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। विधायक ने कहा कि सेवा, समर्पण और जनभागीदारी 'सेवा संकल्प अभियान' की मूल भावना है। कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा, और उत्साह के साथ कार्यक्रम की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। नाहरी मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, कुंडली मंडल अध्यक्ष इंद्र चौहान, मुरथल मंडल अध्यक्ष विकास कौशिक, जखौली मंडल अध्यक्ष शेखर अंतिल सहित राकेश बरोटा, मुकेश डागर आदि मौजूद थे।



राई। विधायक कृष्णा सेवा संकल्प ज्योति' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक लेते हुए।

कूड़े-कचरे का उचित निष्पादन करने के लिए जागरूक किया

स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार : अंकित

- सेवा संकल्प अभियान के तहत जेएलएन विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता विद्यालय के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा।

मुख्य अतिथि एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। हमें पृथ्वी पर जीवन की कुशलता के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना होगा। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे और उनकी नियमित देखभाल करनी होगी। एसडीएम ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने व कूड़े-कचरे का उचित निष्पादन करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अपनी आने वाली पीढ़ियों को संरक्षित पर्यावरण देकर जाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा विषय संबंधित दी गई आकर्षक प्रस्तुतियां रहीं।



गोहाना। सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि एवं शिक्षक।

पर्यटन मंत्री ने स्वैच्छिक कोष से ₹22 लाख देने की घोषणा की



गोहाना। मंदिर का अवलोकन करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नई अनाज मंडी में निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर का अवलोकन किया

नई अनाज मंडी में निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर के अवलोकन के लिए प्रदेश के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा पहुंचे। उन्होंने इस मंदिर के निर्माण के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 22 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस राशि में से 11 लाख रुपए तत्काल और शेष 11 लाख रुपए मंदिर के लोकार्पण अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।

डॉ. अरविंद शर्मा ने पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण किया तथा सेवा कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री ने श्री श्याम औषधालय, मुख्य परिसर में श्री खाटू श्याम की झांकियों और बाबा श्याम के जीवन गाथा और दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर की परिकल्पना और उसे भव्य बनाने के प्रयास के लिए 31 सदस्यों की कमेटी को साधुवाद दिया। इस अवसर पर श्याम लाल वशिष्ठ, मनोज बजाज, संदीप गर्ग, जिनेंद्र जैन, विजय जिंदल, दीपक गोयल, नरेंद्र बंसल, मुकेश जैन, विकास मलिक आदि उपस्थित रहे।

मारपीट का आरोप, सीएम विंडो पर दी शिकायत

सोनीपत। सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंता एवं हुडा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने सोमवार को सीएम विंडो पर शिकायत देकर एचएसवीपी सोनीपत के दोनों मंडलों में टेंडर के कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने एक ठेकेदार, एक कार्यकारी अभियंता और संबंधित एसडीओ समेत कुछ कर्मचारियों पर मिलीभगत कर कम गुणवत्ता व कम मात्रा में कार्य कराने तथा फर्जी कोटेशन और बिल तैयार कर विभाग को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। नागर ने कहा कि उन्होंने भ्रष्टाचार की शिकायत पहले भी उच्च अधिकारियों को पंजीकृत डाक और ईमेल के माध्यम से दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि शिकायतों के कारण 11 अगस्त को सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कार्यालय और बाद में सेक्टर-12 स्थित उनके घर पर पहुंचकर उनके साथ मारपीट की जिसमें उनके हाथ-पैर तोड़ दिए गए।

अमेरिका और रूस के विशेषज्ञों ने भी छात्राओं के प्रयासों की सराहना की

- महिला विश्वविद्यालय में न्यूट्री फिएस्टापोषण प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि (के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' विषय के तहत राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का समापन गुरुवार को 'न्यूट्री फिएस्टा—पोषण प्रदर्शनी' के साथ हुआ। कार्यक्रम को अमेरिका और रूस से आए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की उपस्थिति से विशेष महत्व मिला। राष्ट्रीय पोषण माह का समन्वय प्रो. नूतन ने किया। मार्गदर्शन विभागाध्यक्ष प्रो. बीनू तंवर एवं संकाय सदस्य डॉ. परविंदर कौर का रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे माह के दौरान पोस्टर एवं स्लोगन लेखन, 'आशा एवं संकल्प की दीवार', छात्रावासों में पोषण शिक्षा, खाद्य उत्पादों के लेबल पढ़ने की जानकारी, विशेषज्ञ व्याख्यान, पोषण प्रश्नोत्तरी, जागरूकता रैली, गांवों में सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम, बीएमआई जांच शिविर तथा नुक्कड़ नाटक सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की । कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद एवं पोषण, प्रोबायोटिक्स एवं पादप-आधारित पोषक तत्वों, शरीर के चयापचय, दूध की सुरक्षा तथा पोषण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार एवं कॅरियर की संभावनाओं जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए।



गोहाना। फूड स्टाल का अवलोकन करते कुलपति प्रो. सुदेश।

मोहाना-गुहणा सड़क पर हादसा

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, राजमिस्त्री की मौत

सोनीपत। मोहाना-गुहणा सड़क पर पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार राजमिस्त्री को टक्कर मार दी। हादसे में राजमिस्त्री की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के बेटे की शिकायत पर मोहाना थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बादशाहपुर माच्छरी के रहने वाले सागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता कुलदीप राजमिस्त्री का काम करते थे। वह घरेलू काम के लिए गुहणा गए थे। काम पूरा करने के बाद वह बाइक से वापस लौट रहे थे। जब वह गुहणा-मोहाना सड़क पर पुलिया के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर सागर मौके पर पहुंचे और अपने पिता को घायल अवस्था में निजी अस्पताल लेकर गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

जनता दरबार में चौपाल का निर्माण कार्य पूरा करवाने की मांग उठाई



गन्नौर। मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी (एमओटीपी) में स्वीकृत खाली पद होने के बावजूद उन्हें चॉइस फिलिंग के लिए नहीं दिखाए जाने का मुद्दा सोमवार को गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान के जनता दरबार में उठा। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने विधायक के निजी कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपकर एमपीएचडब्ल्यू के कैप किए गए पद खोलने और सभी स्वीकृत खाली पद पोर्टल पर प्रदर्शित करने की मांग की। एसोसिएशन ने ज्ञापन में बताया कि रेशनलाइजेशन के नाम पर प्रदेशभर में एमपीएचडब्ल्यू के सैकड़ों पद कैप किए गए हैं। इससे कर्मचारी ट्रांसफर के लिए अपनी पसंद के स्टेशन का विकल्प नहीं भर पा रहे हैं। विधायक कादियान के जनता दरबार में अगवानपुर गांव के लोगों ने एससी चौपाल का अधूरा निर्माण पूरा कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत ने करीब दो साल पहले चौपाल का निर्माण शुरू कराया था, लेकिन काम अब तक पूरा नहीं हुआ। सरपंच को कई बार अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं हुआ और लोगों को आश्वासन ही मिल रहा है।

संगठन की मजबूती पर कांग्रेस का जोर, दिवान फार्म में जुटे दिग्गज

- कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ रोड स्थित दिवान फार्म में सोमवार को कांग्रेस की ओर से ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया । कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशानुसार सम्मेलन की अध्यक्षता हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य एवं सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने संयुक्त रूप से की। सम्मेलन का संयोजन जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) अध्यक्ष कमल दिवान ने किया। हरियाणा प्रभारी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और संगठन की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में बड़े स्तर पर धांधली हुई और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाकर प्रदेश में दोबारा चुनाव कराए जाने चाहिए। सम्मेलन में सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, बरोदा विधायक इंदुराज नरवाल, हरियाणा महिला कांग्रेस अध्यक्ष पर्ल चौधरी और जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष संजीव दहिया, पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। दिवान फार्म हाउस में मौजूद कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

रक्तदान करना हम सबका सामाजिक कर्तव्य : वीरेंद्र



गोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि वीरेंद्र आर्य व आयोजक। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भागराम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को शहर के भगवान परशुराम चौक में साप्ताहिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में प्रदेश और देश के स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास ने 237वीं बार रक्तदान किया। उन सहित कुल 29 रक्तदाताओं ने रक्तदान का पुण्य बटोरा।

- भागराम ट्रस्ट ने भगवान परशुराम चौक में साप्ताहिक रक्तदान शिविर लगाया

रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र आर्य थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना समाज के प्रति हम सबका नैतिक कर्तव्य है। अपने इस कर्तव्य का निर्वहन करके हम समाजहित में सराहनीय योगदान दे सकते हैं। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष और 18 बार की रक्तदाता उषा गंगनेजा ने की। वह स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास की धर्मपत्नी हैं। रक्तदान शिविर का संयोजन सतीश सैनी ने किया। अजीत दूहन ने इसी शिविर में अर्द्ध शतक जड़ते हुए 50वीं बार रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में सोनू, सुमित, दीपक, अमित, कुलदीप, राम करण और मोहित ने रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान करने वाले युवा हरिओम, संदीप, पवन, लक्ष्य और अरविंद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

सीएम व शिक्षा मंत्री के नाम जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में सहायक को सौंपा ज्ञापन

निर्णय वापस नहीं लेने पर आंदोलन की राह पकड़ेगी एसोसिएशन

पूर्व नियुक्त शिक्षकों को एचटेट की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी ने सोमवार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को एचटेट की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग उठाई। शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मॉडल स्थित कार्यालय में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में सहायक सतीश को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही जिला कार्यकारिणी ने उक्त अनिवार्यता को शिक्षकों के खिलाफ षड़यंत्र बताया। एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान राजेश जागलान ने बताया कि शिक्षा विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देकर 14 सितंबर को पत्र जारी कर प्रदेश के सभी सेवारत शिक्षकों की सेवा में बने रहने के लिए अगस्त 2028 तक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया है। जिसमें मात्र 5 वर्ष की सेवा शेष रहने वाले शिक्षकों को एचटेट परीक्षा उत्तीर्ण होने की छूट प्रदान की गई है, लेकिन उन्हें भी पदोन्नति के लिए एचटेट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। ऐसे में जो शिक्षक दो वर्ष में एचटेट उत्तीर्ण नहीं करेंगे, उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी। यह प्रदेश के शिक्षकों के लिए मानवीय दृष्टिकोण से उचित नहीं है। राज्य संगठन सचिव बिजेंद्र कुमार ने बताया कि आरटीई एक्ट 2009 के तहत एनसीटीई ने अगस्त 2010 में एचटेट को नियुक्ति के समय चयन के लिए बनाया था, न कि सेवारत शिक्षकों की पात्रता जांचने के लिए। शिक्षकों का आरोप है कि सरकार वैसे ही शिक्षकों से शिक्षा के अतिरिक्त बहुत से कार्य करवा रही है। इससे शिक्षा व शिक्षकों का कार्य प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन की मांग है कि सरकार आरटीई एक्ट में संशोधन करके 23 अगस्त के नोटिफिकेशन के पैरा 4 व 5 और 12 नवंबर 2014 के नोटिफिकेशन के पैरा 4 बी को आरटीई एक्ट की धारा 23(2) में 23 अगस्त 2010 से प्रस्थापित करे।



सोनीपत। मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की सहायक को ज्ञापन देते प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।